MS – 126

-1-

II Semester B.A. Examination, May/June 2014
(Freshers) (2013-14 & Onwards Scheme)
LANGUAGE HINDI – II
Poetry, Grammar and Translation of Terminology

Time : 3 Hours   Max. Marks : 100

I. निम्नलिखित प्रश्नों को **एक** शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए।   (1×10=10)

1) 'विजय-रथ' रामचरित मानस के किस कांड से लिया गया है ?

2) बिहारी अपनी भव-बाधा मिटाने के लिए किस से प्रार्थना करते हैं ?

3) कमल पुष्प का मित्र कौन है ?

4) कृष्ण का संदेश लेकर मथुरा कौन आते हैं ?

5) तीनों लोक में किस की दानवीरता की प्रशंसा होती है ?

6) 'वाणी' कविता के कवि का नाम लिखिए.

7) इन्सान जन्म लेते ही किस वातावरण में आ गिरता है ?

8) अँधियारा किस से शरमाता है ?

9) शहर की वह बड़ी खबर क्या है ?

10) सज्जन की संगती में रहने पर भी कौन अपने निजी स्वभाव को नहीं छोडते हैं ?

ST. CLARET COLLEGE LIBRARY

II. अ) निम्नलिखित किसी **एक** की व्याख्या कीजिए।   (1×8=8)

1) आवत ही हरषे नहीं, नैनन नहिं सनेह।
तुलसी तहाँ न जाइये, कंचन बरसे मेह।।

2) पत्रा ही तिथि पाइथै, वा घर कैं चहुँ पास।
नितप्रति पून्यौई रहै, आनन-ओप-उजास।।

P.T.O.

आ) निम्नलिखित किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(2×8=16)**

1) नहीं फिराते, एक बार जो कुछ मुख से कहते हैं,
प्रण–पालन के लिए आप बहु भाँति कष्ट सहते हैं।
आश्वासन से ही अभीत हो सुख बिपन्न पाता है।
कर्ण–वचन सर्वत्र कार्यवाचक माना जाता है।

2) तुम जड़ चेतन की सीमाओं के आर पार,
झंकृत भविष्य का सत्य कर सको स्वराकार,
वाणी मेरी, चाहिए तुम्हे क्या अलंकार।

3) याद आया शांतिनिकेतन
जहाँ पुराण ग्रंथो में वर्णित
अशोक, कदंब, सप्तपर्णी।
जाने कितने पेड़ वल्लरियाँ।

III. किन्हीं **दो** कविताओं का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए : **(2×16=32)**

1) पक्ष धर।
2) दानवीर।
3) मेरा गीत दिया बन जाये।

IV. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : **(2×7=14)**

1) पेड़ गिरा।
2) वाणी।
3) विजय–रथ।

V. किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर लिखिए : **(2×5=10)**

1) क्रिया–विशेषण की परिभाषा लिखकर उसके भेदों को उदाहरण सहित लिखिए।
2) समुच्चयबोधक के सभी भेद, एक उदाहरण के साथ लिखिए।
3) निम्नलिखित का सन्धि–विच्छेद कर सन्धि का नाम लिखिए।
   1) चरणामृत
   2) कवीन्द्र
   3) एकैक
   4) स्वागत
   5) रमेश

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिए : (1×10=10)

1) Agreement
2) Branch office
3) Constitution
4) Determination
5) Enrolment
6) Head quarters
7) Legal action
8) Minority
9) Revaluation
10) X-ray.